**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

## अपील

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय (राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग) के नियंत्रणाधीन विभिन्न बन्दोबस्त कार्यालयों में बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली में प्रावधानित नियम के आलोक में विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी/विशेष सर्वेक्षण कानूनगो/विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं विशेष सर्वेक्षण लिपिक संविदा के आधार पर कार्यरत है एवं तथाकथित संघ के आह्वान पर दिनांक 16.08.2025 से हड़ताल पर है।

इन हड़ताली कर्मियों में से बड़ी संख्या में से संविदा कर्मियों के हड़ताल से वापस होने की सूचना जिलों से प्राप्त है, जिनके योगदान स्वीकृति के संबंध में विभाग द्वारा विचार किया जा रहा है।

शेष बचे हड़ताली कर्मियों को सूचित किया जाता है कि जो कर्मी दिनांक 30.08.2025 की संध्या 5:00 बजे तक अपने कर्त्तव्य पर लौट जायेंगे एवं अपने बन्दोबस्त कार्यालय को योगदान हेतु लिखित सूचना दे देगें उन्हीं पर विभाग विचार करेगा। उक्त तिथि के पश्चात् वापस लौटे कर्मियों के योगदान के संबंध में विभाग द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा।

28/8
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप